Regarding Train services in Ambedkar Nagar Constituency

श्री लालजी वर्मा (अम्बेडकर नगर) : मान्यवर, मेरे संसदीय क्षेत्र अम्बेडकर नगर जिले के लगभग लाखों लोग मुंबई में रहते हैं और अपना कारोबार करते हैं । लेकिन उनके लिए रेलवे का उचित साधन नहीं है । एक साकेत ट्रेन चलती है, जो अयोध्या से मुंबई के लिए सप्ताह में केवल दो दिन चलती है । एक तो मेरी माँग है कि उस ट्रेन को प्रति दिन चलाया जाए । मान्यवर, इसके साथ ही, मुगलसराय से ले कर लखनऊ तक एक पैसेंजर ट्रेन चलती थी, जो तमाम स्टेशनों पर जैसे कटेहरी, गोसाईगंज, अलनाभारी आदि-आदि से हो कर गुज़रती थी । आज उस मुगलसराय पैसेंजर ट्रेन को बंद कर दिया गया है । हमारी मांग है कि मुगलसराय पैसेंजर ट्रेन को फिर से चलाया जाए ।

मान्यवर, इसके साथ ही, टांडा बुनकर क्षेत्र है । अम्बेडकर नगर जिला बुनकर बाहुल्य क्षेत्र है । लोगों को बिज़नस के लिए प्रत्येक दिन खलीलाबाद जाना पड़ता है । संत कबीरनगर, खलीलाबाद जाना पड़ता है । बीच में कोई रेलवे लाइन नहीं है । टांडा रेलवे स्टेशन सबसे अधिक राजस्व देने वाला स्टेशन है । वहां से कोई भी यात्री ट्रेन नहीं है । हमारी यह मांग है कि टांडा और बस्ती के बीच में नई रेलवे लाइन बिछाई जाए और अकबरपुर जंक्शन से बस्ती के लिए खलीलाबाद, गोरखपुर तक के लिए अलग से ट्रेन चलाई जाए । मान्यवर, आपके माध्यम से यह हमारी माँग है ।